आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए जताई आपत्ति, उठाई जांच की मांग

रमपुरी में अनियमित तरीके से बन रही सीसी सड़क

अमरपुर/डिंडौरी, नवभारत। जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रमपुरी के टिकरा टोला में निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं की शिकायत की है।

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य बिना उचित आधार परत (बेस लेयर) बनाए किया जा रहा है तथा रात्रि के समय मशीनों की सहायता से कार्य कराया जा रहा है। मौके पर पहुंचने पर यह तथ्य सामने आया कि निर्माण स्थल पर गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा।

बिना सूचना पटल के किया जा रहा कार्य

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण का ठेका डिंडौरी ठेकेदार के पास है। उसके द्वारा सीमेंट, रेत, गिट्टी और मसाला तैयार करने की मशीनें भेजी गई हैं। निर्माण स्थल पर मजदूरों के अलावा न तो ठेकेदार का जिम्मेदार प्रतिनिधि उपस्थित था और न ही पंचायत का कोई अधिकारी। सड़क पर कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया, जिससे कार्य की लंबाई, स्वीकृत मद, लागत आदि की जानकारी ग्रामीणों को नहीं मिल सकी। बताया गया कि सड़क में सीधे जमीन पर पन्नी बिछाकर कांक्रीट डाला जा रहा है, जिससे टिकाऊपन पर सवाल उठ रहे हैं।रात्रि में किए जा रहे कार्य के दौरान सड़क टेढ़ी-मेढ़ी एवं असमान बनी पाई गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने कार्य रुकवाया।

पूर्व में बनाई गई सड़क हुई अस्तित्व विहीन

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत रमपुरी में वर्ष 2023-24 में भी शाहपुर मुख्य मार्ग से टिकरा टोला तक एक सी.सी. सड़क बनाई गई थी, जो अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि उस सड़क का भूमिपूजन क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा किया गया था, किंतु अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है।

सरपंच पति ने अभद्र व्यवहार कर ग्रामीणों को धमकाया

इस दौरान मौके पर पहुंचे सरपंच पति द्वारा ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की भी शिकायत सामने आई। ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने कहा- यह सड़क हम बना रहे हैं, आप लोग फोटो या वीडियो न बनाएं, नहीं तो ठीक नहीं होगा।

ग्रामीणों का आरोप गुणवत्ताहीन हो रहा कार्य

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बने सोकपिट, स्नानागार एवं अन्य निर्माण कार्य भी गुणवत्ता से कोसों दूर हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है मानो इस पंचायत को प्रशासनिक अभयदान मिल गया हो, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

गरीबों के लिए आए 5100 क्विंटल गेहूं में लग गया घुन

वेयर हाउस के मालिक से हरजाना वसूलने की तैयारी

चिल्हारी, उमरिया, नवभारत। जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में गरीबों का 5100 क्विंटल गेहूं खराब हो गया है। उस गेहूं में घुन लग गए हैं। गेहूं आटा बन गया है जिसमें कीड़े लग गए हैं। अब वेयर हाउस के मालिक से हरजाना वसूलने की तैयारी है।

जिले में शासन ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की थी, जिसको अलग- अलग गोदामों में रखा गया था। उसी में से एक गोदाम (वेयर हाउस) गडरिया टोला में बनाया गया है। यहां रखा गरीबों का 510 मीट्रिक टन (5100 क्विंटल) गेहूं में घुन लग गया है। जिसके बाद सारा गेहूं आटा बन गया है। उस आटे में कीड़े लगे गये है बताया जा रहा है कि यहां पर गेहूं के भंडारण के लिए पहले ओपन कैंप बनाया गया था। बाद में प्रदेश सरकार ने बीओटी में 15 वर्षों का एग्रीमेंट कर निजी हाथों में सौंप दिया। जिसके बाद यहां गोदाम बन गया।

भंडारण पश्चात नोडल अधिकारी ने नहीं किया निरीक्षण

इस गोदाम का जिम्मा गुना जिले के रहने वाले अशोक सिंह रघुवंशी ने श्री दुर्गा ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से ले लिया। इस कंपनी के कर्ताधर्ता विकास बर्मन को बनाया गया। वहीं जिले के सारे वेयर हाउस का नोडल डब्ल्यू एल सी उमरिया की प्रबंधक लक्ष्मी मराबी को बनाया गया है श्री दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी गड़रिया टोला के वेयर हाउस मे पिछले साल का 19592 क्विंटल एवं चालू वर्ष का 34101 क्विंटल गेंहूं भंडारीत किया गया था। इन सारे भंडारित गेंहूं में इंदवार क्षेत्र की बहुत सी सहकारी समितियों का गेंहूं रखा गया। भंडारण के बाद नोडल अधिकारी ने कभी भी गोदाम का निरिक्षण नहीं किया। जिसके चलते लगभग 5 हजार 1 सौ क्विंटल गेंहू जिसकी कीमत एक करोड़ पचास लाख रूपये बताई जा रही है घुन गया और आटा फार्मेट में आ गया।

शास. आदर्श महाविद्यालय में हुआ युवा उत्सव का आयोजन

विद्यार्थियों ने दीं विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां

शहपुरा, नवभारत। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, शासकीय आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में युवा उत्सव सत्र 25-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. स्वीटी यादव के मार्गदर्शन एवं युवा उत्सव प्रभारी अधिकारी डॉ. अनिल झारिया के नेतृत्व में हुआ।

अंतर-कक्षा स्तर पर आयोजित इस तीन दिवसीय युवा उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिताओं में पोस्टर निर्माण एवं समूह लोकनृत्य में राजेश्वरी धुर्वे ग्रुप, रंगोली में रेवती झारिया, समूह गायन में निशा अग्रवाल ग्रुप, प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अनुराग झारिया ग्रुप, क्ले-मॉडलिंग में भूमि रजक, व्यंग्य चित्रण में शारदा झारिया, एकांकी में ओमप्रकाश दुबे तथा एकल नृत्य में डाली आमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम उपरांत चयनित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक गण श्रीराम ठाकुर, भगवत सिंह धुर्वे, डॉ. राजू रैदास, सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. शालिनी धुर्वे, डॉ. पापरी करमाकर, डॉ. आलोक डेहरिया, डॉ. परमेश साकेत, संयोजक डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. एल.एन. साहू, डॉ. राजेश तिवारी, डॉ. सुषमा मिश्रा, डॉ. सी.एल. रैदास एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन चयनित छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

पुरानी बाजार में धनुष यज्ञ के साथ हुआ राम विवाह का मंचन

चिल्हारी, उमरिया। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी नगर के पुरानी बाजार रामलीला कमेटी के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के मानव चरित्र का चित्रण रामलीला कंपनी के कलाकारों द्वारा दिखाई जा रही है कल की रामलीला में राम विवाह की लीला दिखाई गई जिसमें भगवान राम ने शिव धनुष तोड़कर माता सीता से विवाह किया। राम और सीता के विवाह के बाद,राजा जनक ने राजा दशरथ को संदेश भेजा और बारात अयोध्या से जनकपुर के लिए प्रस्थान हुई रामलीला कंपनी के सहयोगियों और कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम के बारात की सुंदर रथ झांकी गाजे बाजे के साथ जय श्री राम के नारों की गूंज के बीच निकली गई विवाह समारोह में कई दशकों एवं कंपनी के अध्यक्ष सहित कलाकारों ने प्रभु श्री राम और माता जानकी का पांव पखार कर अपने जीवन को धन्य किया आपको बता दें कि कंपनी के सभी कलाकारों द्वारा रामलीला का कार्य श्रद्धा पूर्वक भावपूर्ण किया जा रहा है जिसे देखने हजारों की संख्या में भीड़ एकत्रित होती है धनुष यज्ञ,परशुराम,लक्ष्मण संवाद और रामविवाह की रामलीला में दर्शकों ने कई कलाकारों के अभिनय से प्रसन्न होकर हजारों रुपए पुरूस्कार देकर कलाकारों का हौसला बढ़ाया ।

बच्चों ने उकेरी एक से बढ़कर एक कलाकृति

चिल्हारी। उमरिया जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी की श्री राम एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत नन्हे मुने बच्चों ने दीपावली एवं धनतेरस के पावन पर्व पर रंगोली एवं कागज़ में दीपक जलाकर लक्ष्मी मां एवं मां सरस्वती जी को प्रसन्न करने का अनोखा प्रयास कर विद्यालय में अपनी कलाकृति विखेर कर विद्यालय का नाम रोशन किया है इस मौके पर सभी अभिभावकों ने विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एसआई, आरक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी को लेकर कार्यशाला

डिंडोरी, 17 अक्टूबर, नवभारत। पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहनी सिंह के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में जिले के युवाओं के लिए म.प्र. पुलिस सब-इंस्पेक्टर एवं आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 की तैयारी संबंधी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

उक्त कार्यशाला बीते गुरुवार को रक्षित केंद्र डिंडौरी में आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आगामी भर्ती परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी उपलब्ध कराना एवं तैयारी की प्रभावी रणनीतियों, अध्ययन पद्धतियों और सफलता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन देना रहा। इस अवसर पर 'प्रयास कोचिंग' के संचालक मनोज चौकसे द्वारा परीक्षा के सिलेबस, फिजिकल टेस्ट की तैयारी, तथा लिखित परीक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।

युवाओं को दी आत्मविश्वास और अनुशासन की सीख

कार्यक्रम में डॉ. अमित वर्मा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिंडौरी), सतीष द्विवेदी (एसडीओपी डिंडौरी), दुर्गा प्रसाद नगपुरे (थाना प्रभारी कोतवाली), सुभाष उइके (यातायात प्रभारी) एवं कुंवर सिंह ओलाड़ी (रक्षित निरीक्षक) सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने अपने मोटिवेशनल संदेशों के माध्यम से युवाओं को सफलता की दिशा में सतत प्रयास, आत्मविश्वास और अनुशासन अपनाने की प्रेरणा दी।

युवाओं ने लिया संकल्प

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिंडौरी डॉ. अमित वर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगन, अनुशासन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। पुलिस सेवा केवल एक करियर नहीं, बल्कि समाज की सेवा का एक अवसर है।

कार्यशाला में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संकल्प लिया कि वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरे समर्पण और निष्ठा से तैयारी करेंगे।

नर्मदांचल विद्यापीठ में मनाया गया दीपावली उत्सव

शहपुरा, नवभारत। नर्मदांचल विद्यापीठ, बरगांव में दीपों का पर्व दीपावली बड़े ही हर्षोल्लास, उमंग और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, दीयों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। जगह-जगह विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोलियों ने परिसर की शोभा को और बढ़ा दिया। दीपों की मृदुल आभा और मधुर संगीत की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बन गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य, भक्ति गीत, नाटक और कविताएँ शामिल थीं। संस्कृत नृत्य प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने 'अंधकार से प्रकाश की ओर' विषय पर अपने विचार भी व्यक्त किए, जिनमें उन्होंने दीपावली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

छात्र-छात्राओं को कराया विभिन्न पहलुओं से अवगत

इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दीपावली के आध्यात्मिक और पर्यावरणीय पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दीपावली केवल आनंद का पर्व नहीं, बल्कि यह सत्य, धर्म और प्रकाश की विजय का प्रतीक है। साथ ही पटाखों से होने वाले प्रदूषण से बचने और स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में नर्मदांचल विद्यापीठ परिवार ने यह शुभकामना व्यक्त की कि प्रकाश का यह पर्व सभी के जीवन में ज्ञान, सुख, समृद्धि और शांति का संचार करे तथा देश और समाज में प्रेम और सद्भाव का दीप सदा प्रज्वलित रहे।

डेटा चोरी है नई ठगी, सतर्क रहो हर घड़ी

राष्ट्रीय सायबर जागरूकता माह पर चलाया विशेष अभियान

डिंडोरी, 17 अक्टूबर, नवभारत। गुरुवार के दिन राष्ट्रीय सायबर जागरूकता माह के अवसर पर जिला डिंडौरी पुलिस द्वारा विशेष सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के कस्बा शाहपुर, ग्राम मेहंदवानी, शासकीय माध्यमिक विद्यालय नुनखान, तथा ग्राम देवरी में आम नागरिकों को सायबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि आज के डिजिटल युग में डेटा चोरी और ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है। डेटा चोरी है नई ठगी, सतर्क रहो हर घड़ी जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया तथा निम्न सायबर सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की गई कि संदिग्ध लिंक या संदेश पर क्लिक न करें। किसी के साथ ओटीपी साझा न करें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें।वित्तीय लेनदेन केवल अधिकृत माध्यमों से ही करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा।

प्रदीपन संस्था ने बाल विवाह के खिलाफ शुरू किया जागरूकता अभियान

डिंडौरी, 17 अक्टूबर, नवभारत। जिले में प्रदीपन संस्था द्वारा बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं बाल विवाह के पूर्ण खात्मे के उद्देश्य से एक सघन और व्यापक जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 11 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2026 तक लगातार 100 दिनों तक चलेगा।अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, समुदायों और धार्मिक संस्थाओं में जन-जागरूकता कार्यक्रम, रैली, तथा कार्यशालाओ के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा।

संस्था का उद्देश्य है कि डिंडोरी जिला बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में अग्रणी भूमिका निभाए और समाज में यह संदेश पहुंचे कि हर बालक और बालिका को शिक्षा, समान अवसर और सुरक्षित बचपन का अधिकार है।प्रदीपन संस्था के संचालकों ने बताया कि इस अभियान में प्रशासन, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि एवं समाजसेवी संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है ताकि हर स्तर पर बाल विवाह पर रोक सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीपन संस्था के योगेन्द्र सिंह पुशार्वे एवं समस्त शिक्षक सुश्री ए.सिंगरहा, व्ही. वी धुर्वे, राहुल कुमार मिश्रा, राजेंद्र परस्ते, प्रियंका परस्ते, बबली अहिरवार, ए. के गवले, राजाराम अहिरवार, शिवम साहू एवं समस्त स्टाफ ने बताया कि जागरूकता की पहल से समाज में बड़ा संदेश जाएगा और आमजन इस बुराई के खिलाफ अधिक जागरूक होंगे।

बांधवगढ़ में गूंजी नई किलकारी, बांधवी ने जन्मा नन्हा हाथी

चिल्हारी, उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला रेंज स्थित बठान हाथी कैंप में रह रही हथिनी बांधवी ने एक नर हाथी बच्चे को जन्म दिया है। यह उसका पहला बच्चा है। जन्म की खबर फैलते ही वनकर्मियों और महावतों में खुशी की लहर दौड़ गई।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व (उमरिया) के जंगल में तब खुशियों की गूंज सुनाई दी जब ताला रेंज के बठान हाथी कैंप में रह रही हथिनी बांधवी ने एक नर हाथी बच्चे को जन्म दिया। यह उसका पहला बच्चा है। जन्म की खबर फैलते ही बांधवगढ़ के वनकर्मियों और महावतों में खुशी की लहर दौड़ गई। 14 वर्षीय बांधवी पिछले कई महीनों से गर्भवती थी, जिस पर वन विभाग की टीम लगातार नजर रखे हुए थी। जन्म के तुरंत बाद रेंजर अधिकारी ताला और वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी ने मां और बच्चे दोनों का निरीक्षण किया। दोनों स्वस्थ हैं और बांधवी को इस समय पौष्टिक आहार व विशेष देखभाल दी जा रही है।बांधवगढ़ के वन अमले के लिए यह बेहद उत्साहजनक घटना है। वर्तमान में बांधवगढ़ में 15 कैंप हाथी हैं और हाल ही में रेस्क्यू की गई एक हथिनी बच्ची को मिलाकर अब इनकी कुल संख्या 16 हो गई है। ये सभी अलग-अलग कैंपों में रहकर जंगल की गश्त और अन्य वन्यजीव प्रबंधन कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि बांधवी खुद बांधवगढ़ की बेटी है। उसका जन्म भी यहीं हुआ था। उसकी मां का नाम तूफान है, जो रिजर्व की एक मजबूत और जानी-मानी हथिनी रही है। पिता की पहचान स्पष्ट नहीं है। अब जब बांधवी खुद मां बनी है, तो वनकर्मी इसे बांधवगढ़ की नई पीढ़ी का आगमन मान रहे हैं।